सौर ऊर्जा व एआइ में 2,200 करोड़ का होगा निवेश

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : उत्तर प्रदेश में लाइर्स मार्क इंडस्ट्रीज व सिफी टेक्नोलाजीज 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दोनों कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। लाइर्स मार्क इंडस्ट्रीज प्रदेश में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करके 300 मेगावाट का सोलर प्लांट व रूफटाप विंड एनर्जी टर्बाइन की स्थापना करेगी। वहीं सिफी टेक्नोलाजीज लखनऊ के चक गंजरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

डब्ल्यूईएफ की बैठक में मुख्य सचिव की अगुवाई में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने कई कंपनियों के साथ निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा की। इन्वेस्ट यूपी के प्रवक्ता ने बताया कि सिफी टेक्नोलाजीज लखनऊ में एआइ हब स्थापित करेगी। साथ ही कंपनी ने प्रदेश में 150 से 200 एकड़ भूमि पर हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने में भी रुचि दिखाई है। कंपनी नोएडा में 7,000 करोड़ रुपये से 75 मेगावाट का डेटा सेंटर स्थापित कर रही है। शीघ्र ही इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। वहीं लाइर्स मार्क इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सचिदानंद व्यास ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग करने का भी भरोसा दिया है।

- लखनऊ में एआइ के क्षेत्र में 1,000 करोड़ का रुपये का निवेश करेगी सिफी टेक्नालाजी
- लाइर्स मार्क इंडस्ट्रीज उत्तर प्रदेश में करेगी 1,200 करोड़ का निवेश
- विश्व आर्थिक मंच की बैठक में समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल को ग्लासवेयर निर्माण और निर्यात में सहयोग का प्रस्ताव दिया। राज्य के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट शिक्षा व युवाओं को तकनीकी शिक्षा में दक्ष करने के लिए इंटेल कारपोरेशन की निदेशक ग्रीर मैसल्स के साथ भी विचार-विमर्श किया गया।

रेजरपे कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ हर्षिल माथुर, ब्लूम एनर्जी के सह-संस्थापक केआर श्रीधर, यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री, एयर लिक्विड के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष लारेंट डब्लैंचेट सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें